सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में साइक्लोथॉन का आयोजन

देवास। भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में निरंतर दो वर्षों तक जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक शनिवार को प्रदेश के प्रत्येक थाना स्तर तक प्रात:कालीन साइक्लोथॉन आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया ।

इसी क्रम में देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी), थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया गया । देवास शहर में आयोजित साइक्लोथॉन में कलेक्टर देवास ऋषुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, सीएसपी देवास सुमित अग्रवाल सहित सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही ।साइक्लोथॉन रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर एमजी चौराहा, रामनगर चौराहा, केलादेवी चौराहा, विकास नगर चौराहा, मधु मिलन चौराहा, टाटा चौराहा तक पहुंची एवं पुन: निर्धारित मार्ग से होते हुए इंदिरा गांधी चौराहा से यू-टर्न लेकर सिद्धिविनायक परिसर में समापन हुआ ।इसी प्रकार जिले के समस्त देहात क्षेत्रों में भी एसडीओपी एवं थाना/ चौकी प्रभारीगण द्वारा स्थानीय नागरिकों, युवा खिलाड़ियों, नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति, एनसीसी, एनएसएस, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों एवं पुलिस स्टाफ की सहभागिता से साइक्लोथॉन आयोजित कर व्यापक जनजागरूकता का संदेश दिया गया। प्रत्येक थाना क्षेत्र में निर्धारित समय पर साइक्लोथॉन आयोजित किया गया। रूट चार्ट का पूर्व निर्धारण कर यातायात को नियंत्रित करते हुए संबंधित मार्गों को नो व्हीकल जोन रखा गया। प्रतिभागियों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। पेयजल, ग्लूकोज, फर्स्ट-एड बॉक्स एवं एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई।

जनभागीदारी से सशक्त संदेश

आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना रहा । देवास पुलिस द्वारा इस अवसर पर फिटनेस, अनुशासन एवं राष्ट्र प्रथम के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया । देवास पुलिस भविष्य में भी इसी प्रकार जनसहभागिता आधारित आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध है।

बेल्ट टूटने से 40 फीट गहरे कुएं में गिरे मजदूर, तीन घायल

देवास। ग्राम शिप्रा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कुएं में काम करते समय पालकी का बेल्ट टूटने से तीन मजदूर करीब 40 फीट गहरे कुएं में गिर गए। हादसे में तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मजदूर कुएं से बांस निकालने के लिए पालकी से नीचे उतर रहे थे।

इसी दौरान पालकी का बेल्ट टूट गया और उसमें बैठे तीनों मजदूर कुएं में जा गिरे। घायल मजदूरों की पहचान रामचरण, पप्पू और संजू के रूप में हुई है, जो राजगढ़ जिले के निवासी हैं। हादसे के बाद कड़ी मशक्कत से तीनों को कुएं से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

मजदूरों को ठेकेदार चौराहे से शिप्रा के समीप किसी गांव में ले गया था। मजदूरों ने बताया कि कुएं में बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम चल रहा था। पुलिस फिलहाल उस ठेकेदार की जांच कर रही है जिसके साथ ये मजदूर काम करने गए थे।

कलाव्योम फाउंडेशन ने केंद्रीय मंत्री शेखावत से मिलकर ज्ञानव्योम पहल पर की चर्चा

देवास। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने नई दिल्ली में भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कलाव्योम द्वारा देशभर में संचालित विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी मंत्री को प्रदान की। मुलाकात के दौरान विशेष रूप से 'ज्ञानव्योम' पहल पर चर्चा हुई, जो कला के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण बौद्धिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने वाली कलाव्योम की एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल है। इसके साथ ही देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, युवा कलाकारों को मंच प्रदान करने तथा उन्हें कला-कौशल में आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की गई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में

कलाव्योम के सह-सचिव श्याम कौशिक तथा भगवान सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री श्री शेखावत ने कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा भविष्य की योजनाओं के लिए अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

बूथ स्तर तक सुनी जाएगी प्रधानमंत्री की बात

देवास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 29 मार्च को रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करेंगे। इस अवसर को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले भर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों एवं मन की बात कार्यक्रम प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कार्यक्रम को बूथ स्तर तक सामूहिक रूप से सुना जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाध्यक्ष सेंधव स्वयं देवास विधानसभा के बूथ क्रमांक 76 पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रमोद डोगलिया के निवास पर कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम सुनेंगे। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए उसकी रिपोर्ट संगठन एप पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक समन्वय बनाकर पहले से ही सुनने की व्यवस्था, उपस्थिति एवं रिपोर्टिंग की कार्ययोजना तैयार करे भाजपा देवास संगठन ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री की मन की बात को जिले के प्रत्येक बूथ एवं मंडल में पूरी भागीदारी और उत्साह के साथ सुना जाएगा।

एक नजर में

मटकी ज्योत का हुआ विसर्जन

भौरासा। नगर के छिपापुरा में स्थित मां अंबिका माता मंदिर पर पिछले कई सालों से नवरात्रि में मां की अखंड ज्योत नौ दिनों तक जलाई जाती है जिसकी प्रतिदिन विधि विधान से आरती पूजन किया जाता है। गरबा भजन व अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन प्रतिदिन किया जाता है। इसके बाद आज दशमी पर ढोल धमाको व एक चल समारोह के साथ रानी दमयंती तालाब की पाल पर विसर्जन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग इस चल समारोह में पहुंचे और नवरात्रि में 9 दिनों तक जलने वाली मां की मटकी ज्योत का विधि विधान के साथ तालाब में विसर्जन किया गया।

अनिता पाल बनी प्रदेश अध्यक्ष

देवास। भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठन मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भोपाल की अनीता पाल को प्रदेश अध्यक्ष मानोनित किया गया हैं। यह नियुक्ति मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू के द्वारा की गई । फाउंडेशन द्वारा निरंतर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार ग्राउंड जीरो पर राज्य भर में किया जा रहा है पाल की नियुक्ति पर अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर

देवास। स्व.तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वंयसेवको द्वारा ग्राम मेंढकी धाकड में नुक्कड नाटक कर नशा एवं बाल विवाह पर लोगो को जागरूक किया। छात्र छात्राओ ने घर-घर जाकर साक्षरता एवं स्वास्थ सर्वे किया। रेली के माध्यम से स्वंय सेवको ने गॉव ने स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर के बोद्विक सत्र में डॉ. अमरीन शेख ने अपने वक्तव्य में एडस एवं टीबी पर छात्र-छात्राओ को संबोधित किया। अध्यक्षीय उदबोधन प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या द्वारा दिया गया। शिविर के तृतीय दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप सिंह नागर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवको ने देवास माता टेकरी का भ्रमण कर स्वच्छता अभियान चलाया एवं दर्शनार्थियों की जलसेवा की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या ने स्वयं सेवको को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। डॉ. संजय गाडगे एवं डॉ. संजय सिंह बरोनिया ने छात्र-छात्राओ को संबोधित किया। शिविर के चतुर्थ दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं सेवको ने शिविर ग्राम मेंढकी धाकड में मंदिर परीसर में श्रमदान कर प्रागण को मिटटी डालकर समतल किया एवं गॉव में स्वच्छता अभियान चलाया। बोद्विक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी.एस राणा प्राचार्य पी.एम कालेज आफ एक्सीलेंस श्री कृ.प.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास ने छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हूए अपने हुनर को निखारने के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ता डॉ. संजय गाडगे,डॉ. सीमा सोनी, डॉ.लीना दुबे, एवं प्रो. प्रमोद कुमार पलाश्या ने अध्यक्षीय उदबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप सिंह नागर ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. प्रेमलता चोहान, डॉ. संगीता गुप्ता, प्रो. मेघा माण्डलिक, प्रो. अकांक्षा शर्मा, प्रो. मेघा वाजपेयी, प्रो. रिशी चोपडा, प्रो. उषा गोड, प्रो. नाजनीन पठान, प्रो. नुरबी खान, प्रो. प्रियंका सोलंकी, प्रो. गणेश कुशवाह, उपस्थित रहै। आभार डॉ. ममता शाक्य ने माना।

सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा एक संवेदनशील और प्रेरणादायी पहल...

भौंरासा। देवास भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड का सीएसआर प्रशासन ग्रामीण युवतियों को पीपल ट्री फाउंडेशन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा को सशक्त कर रहा है।

सत्य सांई मेडिकल कॉलेज के डीन पी. डी मंहत के मार्गदर्शन में तथा ट्रांसपोर्ट अधिकारी कैप्टन धर्मेन्द्र कुमार एवं मेडिकल सुप्रीटेंडेंट आर के गौतम के सहयोग से बस चालकों, ट्रैक्टर ड्राइवरों, बाइक चलाने वाले युवाओं और साइकिलिस्टों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें जीवन के महत्व को समझाते हुए सुरक्षित ड्राइविंग, आवश्यक सावधानियों और दुर्घटना रोकथाम के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया जा रहा है। यह पहल केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो जीरो एक्सीडेंट और सुरक्षा संस्कृति को समाज में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। लोगों में जिम्मेदार ड्राइविंग की आदत विकसित कर एक सुरक्षित भविष्य की नींव रख रही है। निस्संदेह, यह प्रयास एक जागरूक, सुरक्षित और स्वस्थ समाज की ओर बढ़ता हुआ सशक्त कदम है। इस मौके पर डी बी सी पी एल कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा,सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, सी एस आर टीम एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।

सेना प्रमुख ने लाखन सिंह राठौड़ को किया सम्मानित

देवास। देवास जिले के लिए गौरव का क्षण तब आया जब ग्राम खजुरिया कनका, तहसील सोनकच्छ निवासी एवं जय हिंद अकैडमी देवास के डायरेक्टर लाखन सिंह राठौड़ (13 राजपूताना राइफल्स) को भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह भोपाल स्थित 21 कोर मुख्यालय में आयोजित हुआ, जहां उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि देवास जिले के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी पूर्व सैनिक को इस स्तर का सम्मान मिला है। पूर्व सैनिक लाखन सिंह राठौड़

लंबे समय से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय हैं। वे पिछले 9 वर्षों से एक्स सर्विसमेन वेलफेयर सोसाइटी में कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हुए हैं और शहीद परिवारों, सैनिक परिवारों तथा वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों के साथ हर समय खड़े रहते हैं। वे जय हिंद अकेडमी के माध्यम से युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के कई युवा सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना साकार कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और इसे जिले के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। जानकारी रविन्द्र सिंह पंवार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (रामवंशज) प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ने दी।

भंवरनाथ गुरुकुल का 5वीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट

भौंरासा। लक्ष्य साफ हो, और शिद्दत से मेहनत की जाय तो सफलता निश्चित हो ही जाती है। भँवरनाथ गुरुकुल भौंरासा के छात्रों ने कक्षा पांचवी , आठवीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत सफलता हासिल कर उपरोक्त बात सिद्ध कर दी है।

प्रधानाचार्य मनीष कुमावत ने बताया कि कक्षा आठवीं पांचवी की बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। साथ ही 15 प्रतिशत छात्र 90 प्रतिशत से अधिक 20 प्रतिशत छात्र 80 प्रतिशत से अधिक और 40प्रतिशत छात्रों ने 70 प्रतिशत से

अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय व परिवार को गौरवान्वित किया है। जिसमें हर्षित पर्वत सिंह ठाकुर ने 92.5 प्रतिशत और दानिश इसरार अली ने 91.5 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट विद्यालय की चयन परीक्षा में चयनित होकर दोहरी सफलता हासिल की और नगर भौंरासा का नाम रौशन किया है। वही कक्षा पांचवी में वंशिका विजय शर्मा ने 83.5 अंक लाकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। गौरतलाप हो कि गुरुकुल की कक्षा पांचवी के भी 12प्रतिशत छात्र 80 प्रतिशत से अधिक 15प्रतिशत छात्र 75प्रतिशत से अधिक और 15प्रतिशत छात्र 70 प्रतिशत प्रतिशत से अधिक अंक और शेष सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

दोनों ही कक्षाओं के छात्रों को समिति सदस्य संजय यादव,श्याम कुमावत राजेंद्र यादव व विद्यालय के समस्त शिक्षकों और अभिभावकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

धर्म जागरण शाखा का सुंदरकांड पाठ

देवास। रामनवमी महापर्व के उपलक्ष में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन धर्म जागरण शाखा द्वारा अटल कार्यालय पर सुंदरकांड का पाठ करके आरती पूजन पुष्पांजलि एवं प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर धर्म जागरण शाखा के बड़ा मुकाती गजानन गवली अक्षय पंचोली देवेंद्र थुरवाल पवन जोनवाल दीपक थुरवाल सुदेश थुरवाल गोपाल धनावत सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे। माता मंदिर शक्ति स्थल पीपल चौक सुंदेल पर सभी ग्राम वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया गया

जिला जेल में बंदियों और बच्चों के लिए विशेष शिविर

देवास। जिला जेल में बंदियों के पुनर्वास और पारिवारिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में ऋतु राज सिंह (जिला कलेक्टर) ने जानकारी देते हुए बताया कि बंदियों को उनके बच्चों और परिवार से मिलवाने की पहल की गई, जिससे पारिवारिक संबंध मजबूत हो सकें और बच्चों को माता-पिता का स्नेह मिल सके।

उन्होंने इस पहल को मानवीय दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर पुनीत गेहलोद (पुलिस अधीक्षक) भी उपस्थित रहे। शिविर में अमलताश मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल की टीम द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान जिन बंदियों में गंभीर बीमारी के लक्षण पाए गए, उन्हें बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर करने की व्यवस्था की जाएगी।

एक नजर में

जमीनी पकड़ और सक्रियता के दम पर किसकी दावेदारी मजबूत

भाजयुमो जिलाध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे कौन, तीन दावेदार मैदान में

देवास। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिलाध्यक्ष पद को लेकर देवास में सियासी हलचल तेज हो गई है। संगठन के भीतर चल रही गतिविधियां अब खुलकर सामने आने लगी हैं और कार्यकर्ताओं के बीच इस पद को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हर कोई यह जानने को उत्सुक है कि आखिर जिले में युवाओं की कमान किसे सौंपी जाएगी।

अब तो देवास भाजयुमो में सियासी घमासान देखने को मिलेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष की दौड़ में तीन नाम प्रमुख रूप से सामने आए हैं अभिषेक गोस्वामी, मोहित जाट और रजत पाल। हालांकि इन तीनों में संगठन की पकड़, अनुभव और कार्यकर्ताओं के समर्थन के आधार पर अभिषेक गोस्वामी

की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। अभिषेक गोस्वामी वर्तमान में महाराजा मंडल के अध्यक्ष हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे विधायक गायत्री राजे पवार के करीबी माने जाते हैं और संगठन के हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। बूथ स्तर से लेकर बड़े आयोजनों तक उनकी निरंतर सक्रियता और जिम्मेदारी निभाने की कार्यशैली ने उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच एक मजबूत और भरोसेमंद चेहरा बनाया है। मोहित जाट, जो शिप्रा मंडल के अध्यक्ष हैं और हाटपिप्लीया विधानसभा के बांगर क्षेत्र से आते हैं, इसके साथ ही पूर्व सगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के भी खास माने जाते है वही दूसरी और जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में पकड़ को लेकर सवाल उठ सकते है। वहीं रजत पाल का नाम संघ कोटे से सामने आया है, लेकिन उनकी दावेदारी को लेकर संगठन के भीतर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती है क्योकि रजत पाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के भतीजे कहे जाते है इसके साथ ही प्रदेश नगर निकाय प्रकोष्ठ के सयोजक नरेंद्रसिंह राजपुत के बल पर यह पद पाने की लालसा रखते है वही धन बल के आधार पर यह पद पा लाने की कवायद कर रहे है ऐसी देवास की राजनैतिक गलियारों में चर्चारत है।